# जब जब खाटू आएंगे दिल का हाल सुनाएंगे भजन लिरिक्स

जब जब खाटू आएंगे,
दिल का हाल सुनाएंगे,
बीते कैसे तुम बिन ये दिन,
भूल नहीं पाएंगे,
जब जब खाटू आयेंगे,
दिल का हाल सुनाएंगे।bd।

तर्ज – याद तेरी आएगी।

---

दु:ख दर्द अपना मैं,
तुम्ही को सुनाऊँ,
तेरे बिन ओ बाबा कैसे,
जीवन बिताऊं,
अपना सहारा मैंने,
तुमको है माना,
झूठी है दुनिया,
जग है बेगाना,
जग है बेगाना,
जब जब खाटू आयेंगे,
दिल का हाल सुनाएंगे।bd।

---

नैया को किनारा,
कहीं मिलता नहीं है,
साथ है जो तेरा बाबा,
ग़म भी खुशी है,
तेरे बिन सहारा,
कोई देता नहीं है,
तुझसा दयालु मैंने,
देखा नहीं है,
देखा नहीं है,
जब जब खाटू आयेंगे,
दिल का हाल सुनाएंगे।bd।

---

‘कोमल’ की किस्मत,
बाबा तुमने सँवारी,
तुमने जिताया बाबा,
जब भी मैं हारी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चरणों से ‘सोनिया’ को,
दूर ना करना,
मजबूर दुनिया के,
आगे ना करना,
आगे ना करना,
जब जब खाटू आयेंगे,
दिल का हाल सुनाएंगे।bd।

---

जब जब खाटू आएंगे,
दिल का हाल सुनाएंगे,
बीते कैसे तुम बिन ये दिन,
भूल नहीं पाएंगे,
जब जब खाटू आयेंगे,
दिल का हाल सुनाएंगे।bd।

**Singer – Komal Chopra**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com